>

Title: Regarding need to expedite the construction of 'Karpoori dam' in Samastipur, Bihar.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर): महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र समस्तीपुर अंतर्गत कर्पूरी बांध के अधूरा रहने के कारण पिछले बाढ़ में समस्तीपुर का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा बुरी तरह प्रभावित हुआ साथ ही इससे प्रभावित बाढ़ पीड़ितों को राहत एवं मुआवजा मिलने में भी कई विसंगतियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी रिकार्ड में इसका पूरा ब्यौरा भी मौजूद नहीं है जिससे भी कई प्रशासनिक परेशानियों का सामना प्रशासन को करना पड़ता है। इसी जिले के अंतर्गत नून नदी का समस्तीपुर के मोदिउददीन नगर के पास गंगा नदी से जुड़े नहीं होने के कारण बाढ़ की स्थिति भयावह हो जाती है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि जननायक स्व0 कर्पूरी ठाकुर जी के सपनों को साकार करने हेतु सर्वप्रथम उक्त कर्पूरी बांध को पूरा कराया जाये साथ ही नून नदी एवं गंगा नदी को जोड़ा जाए ताकि भविष्य में समस्तीपुरवासियों को बाढ़ की विभिषिका से निजात मिल सके।